हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref.No:COE/2025/103 **Dated: 24-Mar-2025**
28

प्रेस विज्ञप्ति

मुख्य परीक्षा, अंकसुधार परीक्षा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा सत्र 2022–2023 सम एवं विषम सेमेस्टर एवं सत्र–2023–2024 विषम सेमेस्टर की उत्तरपुस्तिकाओं व परीक्षा आवेदन पत्रों की नीलामी सूचना।

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा सत्र 2022–2023 की सम व विषम सेमेस्टर एवं 2023–2024 की विषम सेमेस्टर की विभिन्न परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं व परीक्षा आवेदन पत्रों को नीलाम (**Dispose off**) किया जाना है। यदि उपरोक्त वर्षों का किसी छात्र–छात्रा का परीक्षा परिणाम अघोषित हो या उक्त परीक्षा से सम्बन्धित कोई वाद न्यायालय में विचाराधीन हो तो, वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में पूर्ण विवरण, औचित्य तथा कारण सहित अपनी आपत्ति/प्रत्यावेदन पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा अवश्य प्रस्तुत कर दें। उक्त तिथि के पश्चात् कोई भी आपत्ति एवं प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही मान्य होगा। भविष्य में विश्वविद्यालय ऐसे किसी भी दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, हिन्दुस्तान , श्रीनगर गढ़वाल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में 4×6 वर्ग सेमी मे प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा देयक दो प्रतियों में समाचार पत्र की प्रति सहित भुगतान के लिए क्रय–विक्रय एवं मुद्रण अनुभाग को प्रस्तुत करें तथा कम से कम 15 प्रतिशत छूट दिया जाना भी सुनिश्चित करें।
2. निदेशक/प्राचार्य सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।
4. निजी सचिव, कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय)।
7. .विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड।
9. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त "प्रेस विज्ञप्ति" को विस्तार से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक